बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-380
05/09/2022

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 59 लोगों की सुनी समस्यायें, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पटना, 05 सितम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल हुए। 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 59 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आज 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, गृह विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, निगरानी विभाग, खान एवं भू–तत्व विभाग, निर्वाचन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में मुंगेर जिला से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि जमाबंदी में अंचलाधिकारी घालमेल कर रहे हैं, जिससे जमाबंदी को लेकर परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

नरकटियागंज से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उनकी निजी जमीन पर मदरसा बना लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पश्चिम चंपारण जिला से आयी एक महिला ने गुहार लगाते हुए कहा कि एक शख्स सोशल मीडिया पर उनकी बेटी का फोटो डालकर बदनाम कर रहा है। वहीं पश्चिम चंपारण से आए एक व्यक्ति ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी ढाई साल की भांजी का डेढ़ साल पहले अपहरण हो गया था, प्रशासन से लगातार गुहार लगाने के बावजूद भी अब तक नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बांका जिला से आए एक व्यक्ति ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन को भू–माफिया प्लॉटिंग करके बेच रहे हैं और शिकायत करने पर धमकी देते हैं। मेरी जमीन का दाखिल खारिज भी नहीं हो रहा है जिससे परेशानी हो रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को मुख्यमंत्री ने समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अररिया जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके पति जो कि तीन माह से जेल में बंद थे और वहीं उनकी मृत्यु हो गई और आज तक मुझे किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भागलपुर जिला से आए एक युवक ने अपनी बाईक चोरी की शिकायत करते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाने गए तो थाने में मामला दर्ज करने से

इंकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को मामले की जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पूर्वी चंपारण जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके भाई जो कि पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर तैनात थे और शराब माफिया को पकड़ने के दौरान अपराधियों ने उनकी वर्ष 2021 में हत्या कर दी थी। इस पूरे मामले में अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई करने का निर्देश
दिया।

मुजफ्फरपुर जिला से आए एक फरियादी पिता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे इकलौते पुत्र की षड्यंत्र के तहत हत्या कर दी गई। मेरे लगातार गुहार लगाने के बावजूद भी हत्या के 20 माह गुजर जाने के बाद अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी आए दिन हमलोगों को भी धमकाते रहते हैं, जिससे पूरा परिवार दहशत में जी रहा है। वहीं शिवहर जिला से आयी महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे बेटे की हत्या वर्ष 2021 में कर दी गई थी। मामले में लगातार गुहार लगाती रही पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग को मामले की जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुजफ्फरपुर जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे कार्यालय में कार्यालय परिचारी के रूप में कार्यरत कर्मचारी शराब बेचवाते हैं और शराब के धंधेबाजों को संरक्षण भी देते हैं। शिकायत करने पर अबतक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुयी है। मुख्यमंत्री ने मामले में जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

राजगीर से आए एक फरियादी ने कहा कि मेरी 33 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण हुआ है लेकिन किसी प्रकार का अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी से मामले की जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में वित्त सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ0 रामानंद यादव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो उपस्थित थे।

******